# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001
**फोन नम्बर** : 011–23005700; **फैक्स :** 011–23005787

दिनांक : मार्च 29, 2013

## राज्यसभा में भाजपा के उपनेता एवं मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री रवि शंकर प्रसाद द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य

**डॉ. मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी का दावा – भारत के लिए उचित नहीं**

प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिह ने, यदि अवसर मिलता है तो प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी की सम्भावना से इन्कार नहीं किया है। स्पष्ट रूप से डॉ. मनमोहन सिंह, जो एक अनिच्छुक राजनेता है, ने होली के कुछ दिनों बाद ही अपना असली रंग दिखा दिया है और यह संकेत दिया है कि वह अति महत्वाकांक्षी है। उनकी निजी महत्वाकांक्षा या इच्छा क्या है यह केवल उन्हें या उनकी पार्टी को तय करना है क्योंकि यह उनका आंतरिक मामला है तथापि भारत जैसे बड़े देश के प्रधानमंत्री का पद बहुत ही महत्वपूर्ण है और देश के लोगों के लिए प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह का गत लगभग 9 वर्षों का कार्यकाल निश्चित रूप से लोगों के लिए सार्वजनिक चिंता का विषय है। अतः लोगों से उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में 5 और वर्ष देने के विचार की कतई उम्मीद नहीं की जा सकती।

स्पष्टतया इसके लिए अनेक तर्कसंगत कारण हैं। भारी भ्रष्टाचार और चिंताजनक रूप से उजागर हो रहे एक के बाद एक घोटालों के कारण वर्तमान सरकार स्वतंत्रता के बाद सबसे भ्रष्ट केन्द्र सरकार हो गई है। विश्व में भारत की छवि बहुत खराब हो गई है। मुद्रास्फीति, कुप्रशासन, नीति पंगुता और गैर–जवाबदेही के होने से बड़े या छोटे, गरीब या अमीर सभी भारवासियों का जीवन दयनीय हो गया है। चालू खाता घाटे, वर्तमान में सर्वाधिक 6.7 प्रतिशत के चलते भारत के विकास की बात वस्तुतः खत्म हो गई है। इस सरकार से लोगों को किसी प्रकार की आशा नहीं रही है। यहां तक कि व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन भी जिस तरीके से भारत में शासन चल रहा है, उसके बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठा रहे है।

क्या डॉ. मनमोहन सिंह की टिप्पणी कांग्रेस के अंदर उनके दुश्मनों को लक्षित करती है या राहुल गांधी की प्रधानमंत्री के पद की दावेदारी, जिसके लिए कांग्रेस के भीतर सामूहिक वृंदगान हो रहा है, पर प्रश्न चिन्ह लगाती है; यह पूर्णतया कांग्रेस पार्टी का अंतरिक मामला है। तथापि, डॉ. मनमोहन सिंह जिनकी सरकार कई बड़े घोटालों में शामिल है और उनमें से कुछ प्रत्यक्षतः उनसे सम्बन्धित है के पंगु, जन–विरोधी, अप्रभावी नेतृत्व को लोग नहीं चाहते और वह भी तीसरी पारी के लिए। भारत निश्चित रूप से बेहतर सरकार का हकदार है और भारतवासी ऐसा होने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**(ओम प्रकाश कोहली)**
*मुख्यालय प्रभारी*